AISSJC/MEETING-MC-I/25-27/2130/25/685 दिनांक : 04.04.2025

राष्ट्रीय प्रबन्ध समिति सभा की सूचना

मान्यवर महोदय

सादर जय जिनेन्द्र!

हम आशा करते हैं कि आप सपरिवार स्वस्थ एवं प्रसन्नचित होंगे।

श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली की नवगठित राष्ट्रीय प्रबन्ध समिति (कार्यकाल 2025–27) की प्रथम सभा **राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय श्रीमान् अतुलजी जैन** की अध्यक्षता में **रविवार, दिनांक 27 अप्रैल 2025** को प्रातः 11:00 बजे से, **12, जैन भवन, शहीद भगतसिंह मार्ग, गोल मार्किट, नई दिल्ली 110 001** में आयोजित की जा रही है। आपश्रीजी से सादर अनुरोध है कि सभा में पधारकर अपने विचारों एवं महत्वपूर्ण सुझावों से लाभान्वित करें।

सभा में विचारणीय विषय सूची निम्न प्रकार से है ।

विषय सूची :–

01. मंगलाचरण ।
02. दिवंगत साधु–साध्वीवृंद एवं श्रावक–श्राविकाओं को श्रद्धांजलि ।
03. राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन ।
04. गत् सभा की कार्यवाही की पुष्टि ।
05. सभा की तारीख से 7 दिन पूर्व तक प्राप्त आजीवन सदस्यता आवेदन पत्रों पर विचार–विमर्श एवं स्वीकृति प्रदान करना ।
06. वर्ष 2025–26 के अनुमानित आय – व्यय पत्रक (बजट) की प्रस्तुति एवं स्वीकृति तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सभा में प्रस्तुत करने हेतु संस्तुति।
07. राष्ट्रीय प्रबंध समिति सदस्यों का पारस्परिक परिचय कराना ।
08. पूर्व में जैन कॉन्फ्रेंस द्वारा संचालित योजनाओं के अतिरिक्त अन्य नई योजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने हेतु विचार–विमर्श करना ।
09. संविधान / नियम–उपनियम संशोधन समिति का गठन करना ।
10. अन्य विषय राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय जी की आज्ञा से ।

धन्यवाद सहित !

भवदीय

(डॉ. अमितराय जैन)

राष्ट्रीय महामंत्री

नोट :

1. संपूर्ण सभा में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।
2. कोरम के अभाव में सभा उसी दिन उसी स्थान पर आधे घण्टे के बाद होगी।
3. यदि कोई सदस्य किसी प्रकार की जानकारी चाहते हैं तो, केन्द्रीय कार्यालय को सभा की तारीख से 7 दिन पूर्व लिखित रुप में सूचना भेजें अन्यथा सभा में आपके द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थता हो सकती है।
4. अधिक जानकारी के लिए संपर्क सूत्र : कार्यालय : 011 – 23363729, 23365420, डॉ. अमितराय जैन (राष्ट्रीय महामंत्री) : 98373 94448, श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव–प्रबंधक जैन कॉन्फ्रेंस : 98830 18244, ई–मेल : aissjc1906@gmail.com
5. कृपया सभा की तारीख से 7 दिन पूर्व तक अपने आने की सूचना उपरोक्त लिखित नम्बरों पर संपर्क कर अवश्य देवें ताकि आपके ठहरने आदि की व्यवस्था समुचित रुप से की जा सके।

विशेष : नवगठित राष्ट्रीय प्रबंध समिति की यह प्रथम सभा है। अतः परिचयात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के कारण आपकी उपस्थिति आवश्यक है।